# लाखूसर में सोलर प्लांट के नाम पर खेजड़ी के 180 पेड़ों की कटाई का विरोध

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन दिया

- ज्ञापन में बताया कि 8-10 गाड़ियों में 25-30 लोग हथियारों से लैस होकर आए थे, पेड़ काटने से मना करने पर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी और फायरिंग भी की
- सूचना मिलने के बाद भी पुलिस दो घंटे बाद पहुंची। घटना को लेकर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ग्रामीणों को परेशान कर रही है

**बीकानेर, (निसं)।** छत्तरगढ़ तहसील के लाखूसर गांव में सोलर प्लांट के नाम पर खेजड़ी के पेड़ों की कटाई का मामला तूल पकड़ने लगा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। इस दौरान शिविर स्थल पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार लाखूसर में जिंदल की सनब्रिज कंपनी 1400 मेगावाट का सोलर प्लांट लगा रही है। इक्विपमेंट्स का काम वारी कंपनी के पास है। इस प्लांट के लिए करीब सात हजार बीघा जमीन निजी काश्तकारों से ली गई है। कुछ लीज पर ली तो कुछ खरीदी गई है। इस जमीन पर 26 जून की रात खेजड़ी के 180 पेड़ काट दिए गए। इसे लेकर रविवार को लाखूसर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबंल पखवाड़ा शिविर में अखिल भारतीय किसान सभा ने विरोध प्रदर्शन किया। राजस्व तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई को ज्ञापन देकर बताया कि 8-10 गाड़ियों में 25-30 लोग हथियारों से लैस होकर आए थे। पेड़ काटने से मना करने पर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी और फायरिंग भी की। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस दो घंटे बाद पहुंची। घटना को लेकर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ग्रामीणों को परेशान कर रही है। उनके घरों पर छापे मारे जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सोलर कंपनी से मिलीभगत है। सभा में जेठाराम, शीशपाल, मोहनलाल, इंद्राज, रामलाल, मोटाराम आदि ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा खेजड़ी की कटाई पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब साढ़े तीन सौ पेड़ इससे पहले काटे गए थे। जेठाराम ने बताया कि बड़ी संख्या में पुलिस तैनात करने से ग्रामीण डर के कारण शिविर में ही जा सके।

## पत्नी के हत्यारे पति की तलाश जारी

**उदयपुर, (निसं)।** खेत पर काम करने के दौरान पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी पति फरार है। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव पीहर पक्ष को सौंपा।

प्रकरण के अनुसार रविवार सांय नाई निवासी केशुलाल पुत्र दुदा गायरी के खेत पर सिजारी का काम करने वाले लक्ष्मण पुत्र कालिया गमेती निवासी पिपलवास ने अपनी पत्नी सुरता (42) की हत्या करने के बाद फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका के शव को मोर्चरी में रखवा पीहर पोपलटी सूचना दी। सोमवार को नाई थानाधिकारी लीलाराम ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव उसके भाई मोहन पुत्र वीरजी निवासी पोपलटी को सौंपा। पुलिस ने खेत मालिक केसुलाल की रिपोर्ट पर सुरता के पति लक्ष्मण के खिलाफ हत्या कर प्रकरण दर्ज करवाया। रविवार सांय लक्ष्मण ने अपनी पत्नी सुरता के साथ मारपीट की तथा शरीर पर जगह-जगह काटने के बाद पत्थर से उसकी हत्या कर फरार हो गया था, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## बाइक सवार बदमाश ने नकदी से भरा बैग लूटा

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के नाई थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश पीड़ित का नकदी से भरा बैग लूट ले गए। वहीं दूसरी वारदात में बदमाश मारपीट कर पर्स व मोबाइल छीन ले गए।

प्रकरण के अनुसार 29 जून को पीड़ित सुरेन्द्र पुत्र श्रीलाल मीणा निवासी पाटिया पडूणा टीडी हाल नयाखेड़ा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि घर से बाइक लेकर नया खेड़ा कमरे पर जा रहा था। बीच रासते कब्रिस्तान के समीप आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने रोका, इसी दौरान स्कूटी सवार तीन बदमाश आए तथा मेरे साथ मारपीट कर नकदी से भरा बैग लूट ले गए। बैग में 50 हजार रूपये नकदी, एटीएम, मोबाइल था। चिल्लाने पर बचाव में मित्र नया खेड़ा निवासी नारायण के आने तक बदमाश फरार हो गए।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग वृत्त-करौली**
E-Mail-secircle.kar.phed@Rajasthan.gov.in
**बोली आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी संख्या 01-02/2025-26)**
खण्ड करौली/खण्ड हिण्डौन में सभी प्रकार के धरातल में 125 एम एम डाया हैण्डपम्प निर्माण कार्य की दर संविदा कार्य के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 07.07.2025 सायं6.00 बजे तक बोली आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हे। निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 300.00 लाख।
NIB: PHE2526A1718, UBN: PHE2526WSRC03546, PHE2526WSRC03548
(प्रकाश चन्द्र मीना) अधीक्षण अभियन्ता
DIPR/C/8117/2025 जन स्वा.अभि.विभाग, वृत करौली



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जालोर**
क्रमांक-एनएचएम-लेखा/2025-26/ दिनांक-30.06.2025
**ई-निविदा सूचना -02-03/2025-26**
इस कार्यालय के अधीन समय समय पर आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षणों में नाश्ता, भोजन एवं प्रशिक्षण हॉल व आवास की व्यवस्था के लिए पृथक-पृथक निविदाएं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 एवं नियम 2013 में विहित नियमों एवं वित्त विभाग के समय-समय पर जारी परिपत्रों के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार पंजीकृत फर्मो/निविदादाताओं से E-proc. पॉर्टल पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-
आवेदन पत्र/निविदा दस्तावेज राज्य लोक उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in/sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
UBN: MHS2526SLOB02486, UBN: MHS2526SLOB02451
NIB: MHS2526A1566, NIB: MHS2526A1568
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जालोर (राज.)


# पांच साल की मासूम के साथ 65 वर्षीय बुजुर्ग ने दुष्कर्म किया

- मासूम को माता-पिता दोस्त के भरोसे पर घर छोड़ गए थे
- पीड़ित मां ने पुलिस में शिकायत दी, आरोपी बुजुर्ग फरार

**अजमेर, (कासं)।** शहर में एक घिनौनी और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले रेलवे से रिटायर 65 वर्षीय बुजुर्ग ने पांच साल की मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाया है। माता-पिता अपने दोस्त पर भरोसा कर मासूम को उसके घर छोड़कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। पीड़ित मां ने थाने में शिकायत देते हुए दोस्त के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद आरोपी बुजुर्ग फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने बताया कि महिला ने शिकायत में बताया कि पति के दोस्त के यहां एक कार्यक्रम था। वह पति और बेटी के साथ कार्यक्रम में गई थी, जहां कार्यक्रम था, वहां गर्मी ज्यादा थी। इस कारण बेटी को उसी दोस्त के घर छोड़कर वापस कार्यक्रम में आ गई। घर से 50 मीटर दूर ही कार्यक्रम था। उस समय घर पर पति के दोस्त के माता-पिता मौजूद थे। कुछ देर बाद दोस्त की मां भी घर से कार्यक्रम में आ गई। इस बीच तेज हवा चलने से स्थल पर कुछ गंदगी फैल गई। पति के दोस्त ने उसे घर से कचरा उठाने के लिए कचरा पात्र लाने को कहा, जब वह दोस्त के घर पहुंची तो गेट अंदर से बंद था। बेटी को आवाज दी। गेट की जाली से देखा तो पति के दोस्त का पिता बेटी से दरिंदगी कर रहा था। महिला ने बताया कि तभी आरोपी ने गेट खोला। बाद में आरोपी के बेटे को फोन कर इसकी सूचना दी गई।

**एफएसएल टीम ने उठाए साक्ष्य :-** क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सीओ रुद्र प्रकाश शर्मा सोमवार को पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। उन्होंने घटना स्थल से महत्वपूर्ण सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित बच्ची की मां की शिकायत पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने देर रात करीब एक बजे मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया और कर देर रात ही जेएलएन अस्पताल में मासूम का मेडिकल करवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## आयुर्वेद दवा सप्लायर का अपहरण, चार गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने अपहरण किये दवा सप्लाई करने वाले को आठ घंटे में मुक्त कराकर अपहरण कर फिरौती मांगने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की।

प्रकरण के अनुसार 28 जून को पीड़ित दवा कारोबारी राजेन्द्र निठारवाल पुत्र भूराराम निवासी अभयपुरा रोड पलसाना सीकर ने पुष्पेन्द्र सिंह नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि रात आठ बजे रोशन नामक व्यक्ति ने मेरे रिश्तेदार पवन कुमार बंजारिया निवासी ठीकरिया बावड़ी सीकर को फोन कर मिलने के लिए बस स्टेण्ड पर बुलाया। इस पर मैं व पवन वहां गए। इसी दौरान वहां आई कार में सवार पांच छह बदमाश पवन का अपहरण कर ले गए तथा मेरी बाइक छीन ली।

अपहर्ता पवन को वापस छोड़ने के लिए 1 लाख 80 हजार रूपये फिरौती मांगी तथा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में एसआई वीरमसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए आठ घंटे में अपहर्ता को बांसवाड़ा माही डेम के जंगल से दस्तयाब कर अपहरणकर्ता सुनिल निनामा, कल्पेश डामोर, संजय निनामा, रोशन सारेला को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की, जबकि दो फरार साथियों की तलाश व आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**
**पूरक परीक्षा वर्ष 2025 हेतु ऑनलाईन शुल्क जमा कराने बाबत् सूचना**
वर्ष 2025 की पूरक परीक्षा के लिये ऑनलाईन शुल्क जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार है :-

| परीक्षा शुल्क का प्रकार | शालाओं द्वारा चालान मुद्रण करने की अवधि | परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अन्तिम तिथि | शाला द्वारा बैंक रसीद एवं अग्रेषण सूची बोर्ड कार्यालय को भेजने की अन्तिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. सामान्य परीक्षा शुल्क | 01.07.2025 से 10.07.2025 | 12.07.2025 | 20 जुलाई 2025 |
| 2.एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित | 11.07.2025 से 15.07.2025 | 17.07.2025 | |
| 3. असाधारण परीक्षा शुल्क रू. 1500/- शास्ति + नियमित परीक्षार्थी शुल्क रू 600/- कुल 2100/- व स्वयंपाठी परीक्षार्थी शुल्क रू 650/- एक परीक्षा शुल्क सहित कुल रू. 2150/- | परीक्षा प्रारम्भ होने तक (शुल्क केवल पूरक परीक्षा केन्द्र पर बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा होगा।) | | |

| | | |
| --- | --- | --- |
| पूरक परीक्षा 2025 प्रारम्भ होने की तिथि | पूरक परीक्षा (प्रायोगिक) | 31 जुलाई 2025 |
| | पूरक परीक्षा (सैद्धान्तिक) | 06 अगस्त 2025 |

परीक्षा शुल्क नियमित परीक्षार्थियों के लिये 600/- तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये 650/- निर्धारित है। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क रू. 100/- प्रति विषय पृथक से देना होगा। विद्यालय एवं परीक्षार्थी मूल अंकतालिकाओं का इन्तजार नहीं करें तथा पूरक परीक्षा शुल्क जमा कराने की कार्यवाही शीघ्र करें। विशेष योग्यजन (दिव्यांग) तथा युद्ध में वीरगति को प्राप्त अथवा अपाहिज सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों/ पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिको के आश्रितों को परीक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया है, किन्तु इन्हे टोकन शुल्क 50/- रू. जमा कराना होगा। अधिक जानकारी बोर्ड वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। बोर्ड कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है। Email ID ddexamfirst@gmail.com
सचिव


## किसान ने आत्महत्या की

**टोंक, (निसं)।** देवली उपखण्ड के ग्राम दौलता मोड़ में एक किसान ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, किसान खेत में फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु उप चिकित्सालय देवली में ले जाया गया। मृतक किसान मदनलाल मीणा के पुत्र रोहित मीणा ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसके पिता रविवार रात को खेत पर कृषि कार्य करने गए थे, सोमवार सुबह तक नहीं लौटने पर जब वह खेत पहुंचा, तो लेखराज और महादेव मीणा के खेत पर उसके पिता तारों में फंसे हुए मिले, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# 30 करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में आईपी एड्रेस का पता लगाने में जुटी पुलिस

## भाजपा नेता और व्यापारी अशोक चांडक से फिरौती मांगी थी

- धमकी के लिए कॉल व्हाट्सएप से आया था, कंपनी से संबंधित आईपी एड्रेस से संबंधित डिटेल मांगी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** भाजपा नेता और व्यापारी अशोक चांडक से 30 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस आईपी एड्रेस से संबंधित डिटेल जुटा रही है।

पुलिस के अनुसार धमकी के लिए कॉल व्हाट्सएप से आया था, इसलिए कंपनी से संबंधित आईपी एड्रेस से संबंधित डिटेल मांगी गई है। इससे काफी हद तक कन्फर्म हो सकेगा कि कॉल किस देश से आई थी। कोतवाली थाना में दर्ज करवाए मामले में अशोक चांडक ने रोहित गोदारा व हैरी बॉक्सर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कॉल करने व ऑडियो मैसेज भेजने की बात कही गई है। पुलिस इसकी पुष्टि संबंधित कंपनी से डिटेल मिलने के बाद ही कर सकती है। बताया जा रहा है कि कंपनी की ओर से डिटेल मिलने में एक-दो दिन का समय लगता है। उधर, अशोक चांडक के व्यापारिक सांझेदार आशीष गुप्ता पर फायरिंग के मामले में अभी पुलिस को सफलता नहीं मिली है। फायरिंग की घटना में शामिल महेंद्रगढ़ निवासी रोहित शर्मा, नारनौल निवासी राहुल कुमार और इन्हें फरार होने में सहयोग करने वाले मुक्तसर निवासी सुखविंद्र सिंह के बारे में कोई सुराग नहीं लगा है। इन तीनों पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम भी घोषित किया है। सूत्रों के अनुसार आरोपियों के संपर्क में रहने वाले कुछ संदिग्धों से पुलिस ने पूछताछ भी की, लेकिन विशेष जानकारी नहीं मिली। कोतवाली थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि फायरिंग के आरोपियों की तलाश में टीमें हर संभव ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले में टाउन पुलिस ने पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के निर्देश पर अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने भद्रकाली रोड स्थित भारतमाला पुल के नीचे से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोरगर मोहल्ला निवासी सीताराम उर्फ झबू (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एएसआई राजवीर सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। इस कार्रवाई में एएसआई सत्यनारायण के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल नायब सिंह और महेंद्र कुमार की टीम शामिल थी। कॉन्स्टेबल महेंद्र कुमार की भूमिका विशेष रही।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता**
**सा.नि.वि. कोलाना एयरपोर्ट खण्ड झालावाड़**
क्रमांक- दिनांक-13.06.2025
**निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से (1) राजकीय कोलाना हवाई पट्टी झालावाड़ के विस्तारीकरण का शेष कार्य पैकेज नं.1 (2) राजकीय कोलाना हवाई पट्टी झालावाड़ के विस्तारीकरण का शेष कार्य पैकेज नं.2 (3) राजकीय कोलाना हवाई पट्टी झालावाड़ के विस्तारीकरण का शेष कार्य पैकेज नं.3 हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादित में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा फार्म ऑन लाईन दिनांक 23.06.2025 से 01.07.2025 को सायं 6.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकेंगे। ऑन लाईन निविदायें जमा कराने की तिथि 23.06.2025 से 01.07.2025 को सायं 6.00 बजे तक रहेगी। वेबसाईट पर वित्तीय बिड दिनांक 02.07.2025 को 3.00 PM पर खण्ड कार्यालय में खोली जावेगी।
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. कोलाना एयरपोर्ट
DIPR/C/8629/2025 खण्ड झलावाड़



**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749
क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/ दिनांक :- 25/06/2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 15/2025-26**
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से जारी विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 71.56 लाख की ई-निविदा दिनांक 07.07.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- AJD2526WSOB00038 - 41 अधिशाषी अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/5252 अजमेर विकास प्राधिकरण



**कार्यालय नगर पालिका अटरू जिला बारां (राज.)**
क्रमांक:-न0पा0अ0/2025-26/437 दिनांक:- 27.06.2025
**निविदा-सूचना**
इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 04 कमांक 398 दिनांक 25.06.2025 के द्वारा कुल 10 कार्य की अनुमानित लागत 153.07 लाख की किसी भी राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशाषी विभागों में ठेकेदारी कार्य के लिये पंजीकृत संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. | Work No. | UBN No. |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | (DLB2526WSOB09147) | 2 | (DLB2526WSOB09150) |
| 3 | (DLB2526WSOB09153) | 4 | (DLB2526WSOB09155) |
| 5 | (DLB2526WSOB09156) | 6 | (DLB2526WSOB09157) |
| 7 | (DLB2526WSOB09158) | 8 | (DLB2526WSOB09159) |
| 9 | (DLB2526WSOB09160) | 10 | (DLB2526WSOB09161) |

अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/5232 नगरपालिका अटरू



**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**
क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2025-26/9341 - 55 दिनांक :- 20/06/2025
**ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 09/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में एए श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 05 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in/ www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।
निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें। UBN विवरण :- WAQ2526WLOB00147, WAQ2526WSOB00148, WAQ2526WSOB00149, WAQ2526WSOB00150, WAQ2526SSOB00151, WAQ2526WSOB00152
राज.संवाद/सी/25/5251 अधिशाषी अभियंता - तृतीय



**कार्यालय नगर पालिका पिड़ावा जिला-झालावाड़ (राज.)**
E-mail id – eopirawa.lsg@rajasthan.gov.in Phone No. – 07434-258566
क्रमांक/न.पा.पि./निर्माण/2025/730-732 दिनांक:-27/06/2025
**ई-निविदा क्रमांक 03/2025-26**
नगर पालिका पिडावा में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको व अन्य विभागो के सक्षम श्रेणी में पंजिकृत फार्मो/संवेदको से ई-निविदा पद्धति से 3 कार्यो की दिनांक 01.07.2025 से 15.07.2025 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र डाउनलोड, अपलोड करने की तिथि व निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।
NIB CODE :- DLB2526A2988

| WORK NO. | UBN CODE |
| --- | --- |
| 1 | DLB2526WSOB09441 |
| 2 | DLB2526WSOB09444 |
| 3 | DBL2526WSOB09445 |

अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका पिड़ावा नगर पालिका पिड़ावा
राज.संवाद/सी/25/5247


# नौकरी के बहाने देहशोषण का आरोप

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** एक युवती ने निजी सिक्योरिटी एजेंसी के अधिकारी पर नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी कपिल व उसके साथी मनप्रीत के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाना प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। इसके अलावा पीड़िता द्वारा बताए गए होटल का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को एफएसएल टीम घटनास्थल की जांच कर सुबूत जुटाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार 25 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उसकी पहचान कपिल नामक युवक से हुई। कपिल ने खुद को एक निजी सिक्योरिटी एजेंसी का अधिकारी बताया और नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। युवती के मुताबिक उसे पहचान-पत्र जारी कर कैंपों में भेजा गया। अन्य लोगों की भर्ती के लिए कैंप लगाए जाते थे।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि फरवरी माह में कपिल ने उसे इंटरव्यू के बहाने एक होटल में बुलाया और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि कपिल ने उसकी भी वीडियो बनाई। किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने 15 हजार रुपए मासिक वेतन तय किया था लेकिन कभी पूरा वेतन नहीं दिया। इसकी बजाय उससे 20-25 हजार रुपए अलग-अलग बहानों से वसूल लिए।

आरोप है कि आरोपी ने अपने दोस्तों से भी संबंध बनाने का दबाव बनाया और मोबाइल नंबर शेयर कर दिया। इसके बाद मनप्रीत नामक युवक ने फोन कर दोस्ती और संबंध की मांग की। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद वह घबरा गई और थाना में केस दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

# दिव्यांग युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या

- पिता, मां, बहन सहित परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए
- आरोप है कि पड़ोसी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर परिवार पर हमला किया था

**अनूपगढ़, (निसं)।** दिव्यांग युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसके पिता, मां, बहन सहित परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर परिवार पर हमला बोल दिया था। कुछ दिन पहले युवक (मृतक) की भाभी को पड़ोसी का ममेरा भाई भगा ले गया था। इसी मामले को लेकर दो परिवारों में विवाद चल रहा था। यह पूरी घटना श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ इलाके की है।

परिजनों ने बताया कि मुकेश घटना के समय चारपाई पर बैठा हुआ था, तभी आरोपी ने सिर पर लाठियों ताबड़तोड़ वार कर दिया। परिजनों ने बताया कि मुकेश घटना के समय चारपाई पर बैठा हुआ था, तभी आरोपी ने सिर पर लाठियों ताबड़तोड़ वार कर दिया।

अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर) के गांव 2 पीजीएम के रहने वाले रवि ने बताया कि मुकेश कुमार (25) मेरा छोटा भाई था। हमले के मुख्य आरोपी जगजीत सिंह का ममेरा भाई गौरी, करीब तीन महीने पहले उसकी (रवि) पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इसी मामले को लेकर रात करीब आठ बजे मुकेश की मां ने समझाने के लिए जगजीत सिंह और उसकी मां छिन्दरपाल कौर को अपने घर बुलाया था। रवि ने बताया कि बातचीत शांतिपूर्ण तरीके से हुई और दोनों वहां से चले गए। दो घंटे बाद ही रात करीब 10 बजे जगजीत सिंह अपने ममेरे भाई गौरी और 20-25 अन्य युवकों के साथ अचानक घर में घुस आया। रवि ने बताया कि हमले के समय मुकेश चारपाई पर बैठा नहाने की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान हमलावरों ने अचानक लाठियों से उस पर हमला बोल दिया। एक लाठी सिर पर इतनी जोर से मारी गई कि मुकेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके साथ ही हमलावरों ने घर की महिलाओं व अन्य परिजनों पर भी लाठियों व पत्थरों से हमला किया। सूचना मिलते ही अनूपगढ़ थाने के एसएचओ ईश्वर जांगिड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल परिवार वालों को हॉस्पिटल भिजवाया। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान घर के अंदर व बाहर ईंट-पत्थर बिखरे हुए मिले, जो हमले की संगठित तैयारी को दर्शाता है। पुलिस ने जगजीत सिंह के भाई बिट्टू को राउंडअप कर लिया है। अन्य हमलावरों की तलाश जारी है। पुलिस ने कई ठिकानों पर दबिश भी दी है। शव को सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है, जिसका पोस्टमॉर्टम सोमवार को किया जाएगा।

अनूपगढ़ एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि हमले की जड़ पुरानी रंजिश में है। घटना में लाठी, डंडे, ईंटों और पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। मुकेश के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया जा रहा है। अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN
RISING RAJASTHAN PARTNERSHIP CONCLAVE 11 & 12 DEC 2025 JAIPUR IDEAS & IMPACT
**प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025**
राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर
**औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट**
**तृतीय चरण**
आवेदन एवं EMD की अन्तिम तिथि: 04 जुलाई, 2025 (सायं 6 बजे तक)
ई-लॉटरी: 09 जुलाई, 2025
विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखण्ड
117 भूतपूर्व सैनिक
206 महिला वर्ग
147 बेंचमार्क दिव्यांगता
237 अनुसूचित जाति/जनजाति
62 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित
97 औद्योगिक क्षेत्र
6,854 कुल औद्योगिक भूखण्ड
6,085 अनारक्षित भूखण्ड
39 नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्ड
अन्तिम 4 दिन शेष
आवंटन की प्रक्रिया
एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन
EMD - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।
पात्रता - निवेशक जिन्होंने 30/04/2025 तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस स्कीम में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।
आवेदन हेतु स्कैन करें
भूखण्ड की राशि का भुगतान
25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या
120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण
5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
औद्योगिक क्षेत्रों में नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों के आवंटन से संबंधित पॉलिसी riico.rajasthan.gov.in पर देखें।
इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए https://riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें अथवा
SSO Portal पर login के बाद RIICO के आइकन पर क्लिक करके Land Allotment पर जाएं और Direct Land Allotment Policy - 2025 (for RR MoU Holders) पर क्लिक करें।
#भूखण्डों की संख्या इत्यादि में बदलाव के सभी अधिकार रीको के पास सुरक्षित हैं।
राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005
हेल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in
riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen
राज.संवाद/सी/25/5267